हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 6 अक्टूबर 2025

11 जननी-जन्मभूमि स्वर्ग से महान है, इसके वास्ते...



12 क्षेत्र में पीडीएस चावल का काला कारोबार





## खबर संक्षेप

### निःशुल्क श्वांस दमा खांसी अस्थमा शिविर 7 अक्टूबर को आयोजित होगा

**सागर।** 7 अक्टूबर दिन मंगलवार को श्री झूलेलाल सामुदायिक भवन, संत कंवरराम वार्ड, सागर में निःशुल्क अस्थमा शिविर, दमा एवं अन्य श्वास रोगियों के लिए स्वामी प्रेमदास साहिब थल्हा दरबार द्वारा मंगलवार, 7 अक्टूबर (शरद पूर्णिमा रात्रि) को श्री झूलेलाल सामुदायिक भवन, संत कंवरराम वार्ड, सागर (म.प्र.) में आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में चावल-दूध के हलवे के साथ चित्रकूट से जड़ी-बूटी की दवा (खीर) पूर्णीमा की रोशनी / किरणों में रखी जाती है मानव जाति की मुफ्त सेवा के रूप में शुद्ध स्वच्छ और संगठित तरीके से तैयार करके परोसी जाती है । यहां संस्था पिछले 27 वर्षों से गुजरात, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में इन शिविरों का आयोजन कर रही है। रोगियों की रिपोर्ट के अनुसार इस जड़ी बूटी की दवा से बहुत फायदा हुआ है और कुछ को बहुत फायदा हुआ है।

### बालाजी मंदिर मार्ग पर पौधरोपण अभियान का शुभारंभ किया गया

**सागर।** शहर को हरियाली से आच्छादित करने के उद्देश्य से विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने बालाजी मंदिर मार्ग पर पुनः पौधारोपण अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने सड़क के दोनों ओर गुलमोहर और चंपा के पौधे रोपे। इस अवसर पर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने कहा कि "सिर्फ सीमेंट-कंक्रीट की सड़कें बनाना हमारा लक्ष्य नहीं है। हमारा लक्ष्य सागर को हरा-भरा बनाए रखना भी है। शहर की हरियाली और पर्यावरण संरक्षण के लिए अब मैं स्वयं पौधारोपण करने वाली टीम के साथ प्रतिदिन सुबह-शाम पौधारोपण करूंगा। इसी के तहत आज बालाजी मंदिर मार्ग से इस अभियान की शुरुआत की गई है।" उन्होंने नगर निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों के साथ-साथ पौधों की देखभाल और सिंचाई की भी नियमित व्यवस्था की जाए ताकि लगाए गए पौधे बड़े होकर छाया और स्वच्छ वातावरण प्रदान कर सकें।

### सोयाबीन भावांतर भुगतान योजना के प्रचार के लिए वाहन रैली निकाली

**सागर।** कलेक्टर संदीप जीआर के निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा सोयाबीन भावांतर भुगतान योजना के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से एक वाहन रैली का आयोजन किया गया। रैली की शुरुआत जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई। यह रैली जिला पंचायत कार्यालय से प्रारंभ होकर पीली कोठी, बस स्टैंड, तीन पत्ती चौराहा, राधा तिगड़ा, भगवान गंज होते हुए कृषि उपज मंडी प्रांगण में संपन्न हुई।

## बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में अत्याधुनिक सीटी स्कैन एवं एमआरआई मशीन का हुआ लोकार्पण

# अब भोपाल, जबलपुर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी डॉक्टर ईमानदारी से कार्य करें : मंत्री गोविंद राजपूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

अब सीटी स्कैन एवं एमआरआई की जांच कराने भोपाल या जबलपुर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। यह सभी जांचें अब सागर बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में होगी। डॉक्टर ईमानदारी से कार्य करें और पीड़ति व्यक्तियों को बेहतर इलाज मुहैया कराएं। सभी जनप्रतिनिधियों के साथ हम बीएमसी को और आगे बढाने में हर संभव मदद करेंगे एवं बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज की स्वास्थ्य सुविधाओं में सरकार के माध्यम से लगातार पंख लग रहे है। उक्त विचार खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज, सागर में अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार हेतु सीटी स्कैन (160 स्लाइस) एवं एमआरआई (1.5 टेस्ला) मशीनों के लोकार्पण में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए।

इस अवसर पर विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन, जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, अधिष्ठाता डॉ. पी.एस. ठाकुर, डॉ. राजेश जैन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ममता तिमारे, डॉ. पुण्य प्रताप सिंह, डॉ. सौरभ जैन, डॉ. रमेश पांडे, डॉ. सृकति श्रीवास्तव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, डॉक्टर एवं पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित थे।



मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज की जो पहले छवि थी, उसको बदलने का कार्य डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की लगातार मेहनत और संकल्प से बदली है। सभी डॉक्टर एवं अन्य स्टाफ पूरी ईमानदारी और लगन से पीड़ितों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें समुचित उपचार प्रदान करें। बीएमसी में अन्य अत्याधुनिक सुविधाएं दिलाने के लिए मैं कृतसंकल्पित हूं और सरकार के माध्यम से इसे और आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि ये मशीने संपूर्ण बुंदेलखंड के लिए वरदान सिद्ध होंगी और अब हमारे बुंदेलखंड के निवासियों को भोपाल या जबलपुर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। सारी जांचें और इलाज अब यहीं बीएमसी में होंगे। उन्होनें कहा कि पहले का जमाना गया जब छोटी-छोटी बीमारियों के लिए भोपाल या इंदौर जाना पड़ता था। मंत्री ने कहा कि इन आधुनिक मशीनों का प्रयोग और रख-रखाव इस प्रकार हो कि ये वर्षों तक अपना कार्य करती रहें।

इस अवसर पर विधायक शैलेन्द्र जैन ने कहा कि आज सीटी स्कैन एवं एमआरआई मशीनों के लोकार्पण से बुंदेलखंड की स्वास्थ्य सुविधाओं में एक नया अध्याय लिखा जाएगा। उन्होंने कहा कि बीएमसी में जल्द ही प्राइवेट पार्टनरशिप योजना के माध्यम से कैथ लैब की स्थापना भी की जाएगी और शीघ्र ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा कैंसर अस्पताल का भूमिपूजन होगा। उन्होंने सभी डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ से आग्रह किया कि वे अपनी भूमिका का निर्वहन करें और बीएमसी को बुलंदियों तक पहुंचाएं।

उन्होंने कहा कि बीएमसी के डीन डॉ. पीएस ठाकुर की लगन और कर्तव्यप्रयाणता के कारण बीएमसी लगातार आगे बढ रहा है। उनहोंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों के सहयोग एवं बीएमसी के सकारात्मक रवैये से सरकार द्वारा 125 सीटों से बढ़ाकर 150 की गई है, और अब इसे 250 सीटों तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। शीघ्र ही इसके लिए सरकार के समक्ष इसकी मांग रखी जाएगी।

## गढ़ाकोटा का अनूठा मंदिर

# शरद पूर्णिमा की रात चंद्रदेव की पहली किरण छूती है भगवान के चरणों को



**गढाकोटा।** वैसे तो पूरा बुंदेलखंड अपने अलग इतिहास और परम्पराओं के लिए जाना जाता है। वहीं सागर जिले के गढ़ाकोटा भी अपने आप में अनूठा है। यहां पर एक ऐसा प्राचीन मंदिर है। जहां शरद पूर्णिमा की रात चन्द्रदेव की पहली किरण भगवान के चरणों को छूती है। इस मंदिर का इतिहास करीब 3 सौ साल पहले पुराना बताया जाता है। कहा जाता है की गढ़ाकोटा के राजा मर्दन सिंह जूदेव के किले से एक ही बनावट की तीन मूर्तियो को गढ़ाकोटा नगर में स्थित तीन अलग-अलग मंदिरों में विराजमान कर स्थापना की गई थी। जिसका उल्लेख मंदिरों के ट्रस्ट में भी है। नगर के नदी पार तिलक वार्ड में यह अतिप्राचीन मंदिर है। ऐसा कहा जाता है की इसका निर्माण 3 सौ साल पहले रमाबाई मिश्रा ने कराया था। जिसमें भगवान लक्ष्मीनारायण की प्राचीन मूर्ति है। इसकी विशेषता ये है कि एक मूर्ति में भगवान गरूण, विष्णु और मां लक्ष्मी एक ही पत्थर पर हैं। जिन्हे एक ही लक्ष्मीनारायण के रूप में भक्त पूजते हैं। कहा जाता है की मंदिर के अंदर एक गुफा थी जो गढ़ाकोटा किले से जुड़ी थी। मंदिर में एक विशेष खासियत यह है कि मंदिर के शिखर पर बनी एक खिड़की से देखने पर सीधे भगवान लक्ष्मीनारायण जी के चरणों के दर्शन होते हैं यही कारण है कि चन्द्रदेव शरद पूर्णिमा की रात अपनी पहली किरण से सीधे भगवान के चरण छूते हैं। गढ़ाकोटा किले से आई ये मूर्तियां नगर के तीन अलग-अलग मंदिरों तिलक वार्ड में रमाबाई मंदिर,रहस मेला स्थित शाला में श्रीदेव लक्ष्मीनारायण मंदिर और बाजार स्थित मिश्राइन मंदिर में विराजमान हैं। जो एक ही जैसी हैं। इसको लेकर पंडित जीतेश मिश्रा ने जानकारी दी बुजुर्ग ने बताया है कि मंदिर कि खिड़की जो सूर्य व चन्द्रमा कि किरण आती है वह सीधी श्री देव लक्ष्मीनारायण जी के चरणों पर आती है ये तीन मूर्तियां हैं जो एक समान है एक स्वरूप कि है जो राजा मर्दन सिंह जूदेव के किले से लाई गई थी जिन्हें नगर के अलग मंदिरों मे विराजमान किया गया था। लगभग 3 सौ वर्ष पूर्व रमाबाई मिश्रा द्वारा तिलक वार्ड में मंदिर बनवाया गया था। साथ ही रहस मेले में लक्ष्मीनारायण जी का मंदिर है और बाजार में मिश्राइन मंदिर है तीनों जगह एक जैसी ही मूर्तियां विराजमान हैं किले से आई मूर्तियों के संबंध में ट्रस्ट में भी उल्लेख है।

## राज्यपाल मंगू भाई पटेल का सागर आगमन पर हुआ आत्मीय स्वागत



**सागर।** राज्यपाल मंगू भाई पटेल का सागर जिले के ढाना हवाई पट्टी पर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया । इस अवसर पर विधायक शैलेन्द्र जैन, विधायक प्रदीप लारिया, महापौर संगीता सुशील तिवारी, नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, श्याम तिवारी, संभागायुक्त अनिल सुचारी, पुलिस महानिरीक्षक हिमानी खन्ना, डीआईजी सचेंद्र सिंह चौहान, पुलिस अधीक्षक विकास साहवाल, जिपं सीईओ विवेक केवी अपर कलेक्टर अविनाश रावत सहित अन्य अधिकारियों ने भी पुष्प गुच्छ देकर राज्यपाल का स्वागत किया।

## महाराणा प्रताप कन्या छात्रावास की बेटियों के साथ भोजन करने पहुंचे पूर्व मंत्री भूपेन्द्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

पूर्व गृहमंत्री खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने महाराणा प्रताप कन्या छात्रावास पहुंच कर छात्रावास में रह रहीं बेटियों के साथ भोजन किया तथा उनसे शिक्षा व सुविधाओं के विषय में चर्चा की। उल्लेखनीय है कि पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह प्रति रविवार स्वयं बेटियों के अभिभावकों की तरह उनकी चिंता करते हुए उन सभी से भेंट करने छात्रावास पहुंचते हैं। वे इन सभी बेटियों के साथ भोजन करते हैं, भोजन की गुणवत्ता सहित सभी सुविधाओं के विषय में चर्चा करते हैं। अच्छी शिक्षा के साथ संस्कार के लिए सभी बेटियां प्रतिदिन रुद्राक्ष धाम मंदिर पहुंच कर श्री राधाकृष्ण भगवान की आरती में सम्मिलित होती हैं। छात्रावास में रह रही 40 बेटियों को पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह की ओर से अपने शैक्षणिक संस्थान में निशुल्क व्यवस्था की है।

## बाबा साहब की प्रतिभाओं पर हमला राजनीतिक साजिश तो नहीं : कांग्रेस

**सागर।** बीते एक सप्ताह में जिले के दो अलग अलग स्थानों पर संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा तोड़े जाने की घटनाओं के सामने आने के बाद जिले भर में रोष व्याप्त है, विधानसभा सुरखी के जैसीनगर में सीएम के आगमन के ठीक बाद बाबा साहब की प्रतिमा को तोड़े जाने का मामला अभी शांत नहीं हुआ था कि अब बीती रात खुरई विस की बांदरी में भी मूर्ति के तोड़े जाने की खबर सामाजिक विरोध के साथ अब सियासी भी हो गई है। इस पर सागर शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने थाना कैंट पहुंचकर एसपी के नाम ज्ञापन सौंपकर विशेष जांच दल गठिन कर जिले भर में बाबा साहब की मूर्ति स्थलों पर चौंकसी हेतु, शासकीय अमला व पुलिस ख़ुफ़िया तंत्र को सक्रिय करने की मांग भी रखी हैं।

## 86 वर्षीय स्व. सत्य कुमार ने किया नेत्रदान

**सागर।** शुक्रवार सुबह लगभग पांच बजे सागर के आजमनी कैम्पस मकरोनिया नि. रिटायर्ड इंजीनियर सत्य कुमार चक्रवर्ती का सांस की बीमारी एवं ब्रेन स्ट्रोक के कारण राय अस्पताल में निधन हो गया था। प्रोफेसर सत्य कुमार चक्रवर्ती ने उनकी धर्मपत्नी क्षिप्रा चक्रवर्ती को जीते जी नेत्र दान की इच्छा जताई थी। निधन के ढाई घंटे बाद दिवंगत की बेटी नवनीता भट्टाचार्य ने बुंदेल खंड चिकित्सा महाविद्यालय आई बैंक नेत्र रोग विभाग के एच ओ डी डॉ प्रवीण खरे को सूचना दी। उन्होंने आई बैंक टीम को राय अस्पताल भेजकर परिजनों की लिखित सहमति से दिवंगत चक्रवर्ती के दोनों आंखों के कॉर्निया को सुरक्षित निकाल कर आई बैंक में रखवाया। चिकित्सकों ने दिवंगत के परिजनों उनकी धर्म पत्नी क्षिप्रा चक्रवर्ती, बेटे रविशंकर चक्रवर्ती एवं बेटी नवनीता भट्टाचार्य को इस कार्य के लिए आभार व्यक्त किया।






## अंकुर कॉलोनी जैन समाज ने संघ के पथ संचलन पर पुष्पवर्षा की

**सागर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मकरोनिया नगर के द्वारा आज विजयादशमी के उपलक्ष्य में निकाले गए पथ संचलन एवं परम पूज्य भगवा ध्वज पर पुष्पवर्षा कर अंकुर कॉलोनी, जैन समाज द्वारा उत्साह पूर्वक स्वागत किया गया। अंकुर कॉलोनी जैन समाज के अध्यक्ष अशोक जैन पटवारी ने बताया कि प्रतिवर्ष राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विजयादशमी पर शस्त्र पूजन व पथ संचलन का आयोजन करता है। इस वर्ष शताब्दी वर्ष होने के कारण शाखा स्तर पर 15 दिवस तक खण्ड, उपखण्ड व नगर स्तर पर संचलन निकाले जा रहे हैं। इसी के तहत आज मकरोनिया नगर का पथ संचलन विभिन्न मार्गों से निकाला गया। अंकुर कॉलोनी जैन समाज द्वारा स्वागत कार्यक्रम के लिए स्टाल लगाया गया जहां समाज जन एकत्रित हुए। सभी ने पथ संचलन दल पर आत्मीय भाव से पुष्प वर्षा की।इस दौरान जैन समाज के अध्यक्ष अशोक जैन पटवारी, दिनेश जैन करांपुर, सुनील जैन शिक्षक शाहगढ, सुरेन्द्र जैन मालथौन, सुरेश बीज निगम उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### ब्रेकर पर गाड़ी उछली महिला की मौत

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्रांतर्गत ग्राम इमलिया में रहने वाले रामरूप चौबे पुत्र भरत चौबे ने ललितपुर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। अवगत कराया कि बीती 18 सितम्बर को उसका चचेरा भाई प्रदुम्न चौबे पुत्र कृष्णदेव चौबे अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी.85 सी.एस. 2304 से सुबह करीब 10.35 बजे गांव से ललितपुर आ रहा था। रास्ते में ग्राम चीरा से रोंडा के बीच रेलवे ओवरब्रिज के पास स्पीड ब्रेकर बना था, तब उसके चचेरे भाई ने अपनी मोटर साइकिल को तेजी व लापरवाही से चलाते हुये स्पीड ब्रेकर के ऊपर से निकाल दी, जिससे गाड़ी असंतुलित हो गयी और उसकी मां संगीता जो कि पीछे बैठी थी उछलकर दूर जा गिरी और बेहोश हो गयी। आरोप है कि महिला के सिर में चोट आयी और उनके कान से खून आने लगा था, तब संगीतादेवी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। अब रामरूप चौबे की तहरीर पर पुलिस ने प्रदुम्न चौबे के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी), 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### बाइकों की भिड़ंत में तीन घायल

**ललितपुर।** देर शाम दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में एक दम्पत्ति सहित तीन लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए ललितपुर मेडिकल कॉलेज लाया गया, जहां दो युवकों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। घायलों में टीकमगढ़ जिले के मवई थाना अंतर्गत ग्राम रायपुर निवासी दयाराम (30) और पत्नी मीरा (28) शामिल हैं। वे ललितपुर के ग्राम अण्डेला में अपने समधी मेहराम के अंतिम संस्कार में शामिल होने आए थे, जिनकी तालाब में डूबने से मौत हो गई थी। अंतिम संस्कार के बाद वे अपनी बाइक से टीकमगढ़ लौट रहे थे। यह हादसा ग्राम छिल्ला के निकट हुआ। बताया गया कि ग्राम छिल्ला निवासी प्रतिपाल (35) पुत्र जयराम खेत की ओर से अपनी बाइक पर आ रहा था और उसने दंपती की बाइक में टक्कर मार दी। इस भिड़ंत में तीनों लोग घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल ललितपुर मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। वहां दयाराम और प्रतिपाल की चोटें गंभीर होने के कारण उन्हें बेहतर उपचार के लिए झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

### किसानों को मिल रही सरकारी रेट पर खाद

**ललितपुर ।** जनपद के समस्त किसान के लिए खुशखबर वर्तमान में डी०ए०पी० 5848 मी०टन, एन०पी०के० 14125 मी०टन, एवं यूरिया 10845 मी०टन, की उपलब्धता है। जो कृषको निर्धारित दर पर उपलब्ध कराया जा हा है। साथ ही जनपद मे रबी फसलों हेतु उर्वरकों की रैके लगातार प्राप्त हो रही है, जिससे उर्वरको की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में बनी रहेगी, कृषक भाई अवगत होना चाहे की किन्ही अफवाहो एवं डी०ए०पी०, एन०पी०के०एस० उर्वरक में भ्रमित न हो रबी की फसलों की बुवाई हेतु जिस प्रकार डी०ए०पी० लाभदायक है, उसी प्रकार एन०पी० के०एस० उर्वरक संस्तुत मात्रा में लाभदायक है। अतः डी०ए०पी० उर्वरक के साथ साथ एन०पी०के०एस० उर्वरक का भी प्रयोग करें, चूकि सभी कम्पनी की डी०ए०पी० में तत्व 18:46 (नत्रजन 18 प्रतिशत फास्फोरस 46 प्रतिशत) जिसका निर्धारित मूल्य 1350 रू0 प्रति बोरी है। एन०पी०के०एस० में तत्व 20:20:0:13 (नत्रजन 20 प्रतिशत फास्फोरस 20 प्रतिशत एवं सल्फर 13 प्रतिशत) एन०पी०के० तत्व 9:24:24 (नत्रजन 9 प्रतिशत फास्फोरस 24 प्रतिशत पोटाश 24 प्रतिशत) पाये जाते है। एन०पी०के०एस० एवं एन०पी०के० के कम्पनीवार अलग अलग मूल्य है। जैसे कि 1450, 1500, 1550 एवं 2100 रू० प्रति बोरी है। अतः प्रिन्ट रेट देखकर ही कय करें। कृषकों को सुगमता पूर्वक व निर्धारित दर पर उर्वरको की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु जिलाधिकारी द्वारा विकास खण्ड स्तर पर सहायक विकास अधिकारी (कृषि), तहसील स्तर पर उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सचल दल का गठन किया है।

### भाजपा की नपा अध्यक्ष प्रत्याशी सोनाली विवेक जैन का गलियों में प्रचार अभियान जारी

# प्रयास करेंगे विकास प्रोजेक्ट पास कराकर नया अध्याय लिखने का काम करें: रावत



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

भारतीय जनता पार्टी की नगरपालिका परिषद की अध्यक्ष पद की प्रत्याशी सोनाली विवेक जैन का चुनावी जनसम्पर्क अभियान तूफानी गति से जारी रहा । शुक्रवार सांय आजादपुरा,तुवन मंदिर के पीछे,सोनी मिलन पैलेस और शनिवार सुबह खिरकापुरा,बूढ़े बब्बा जी के मंदिर, आंशिक चौवयाना में जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत के संयोजन में सघन जनसम्पर्क जारी रहा । इस अवसर पर प्रत्याशी सोनाली विवेक जैन ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि में ललितपुर शहर की बहू हूं और मेरा विजन , हमारे शहर में नयी नयी योजनाएं लाकर विकास की नयी इबारत लिखने का है। जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने कहा कि केंद्र और प्रदेश में हमारीं सरकारें हैं और हमारा प्रयास होगा कि हम नये नये शहरी विकास प्रोजेक्ट पास कराकर अधिक से अधिक बजट लाकर शहर के विकास में नया अध्याय लिखने का काम करें।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत,सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड, पूर्व जिला अध्यक्ष जगदीश सिंह लोधी एड, हरीराम निरंजन, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप चौबे, राजकुमार जैन, जिला महामंत्री बंशीधर श्रीवास,धर्मेन्द्र पाठक , बसंती लारिया, रामेश्वर प्रसाद सड़ैया, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु,,गौरव चौधरी, निखिल रामकुमार तिवारी, कौस्तुभ चौबे,डा दीपक चौबे,डा अजय जैन,डा बीणा जैन, नगर अध्यक्ष भगत सिंह राठोर,सोनू चौवे, श्रीमती लक्ष्मी रावत नगर महामंत्री मनोज खटीक ,रजनी अहिरवार ,ध्रुव सिंह सिसौदिया,मनीष अग्रवाल, अजय पटैरिया, नरेंद्र कड़की पहलवान,कमलापति रिछारिया, हाकिम सिंह लोधी,दीपक पाराशर, संदीप सिंह बुंदेला,अवतार सिंह लोधी,नीतेश संज्ञा,कल्लन कुशवाहा,दीपक वैद्य, सुरेन्द्र प्रताप रजक, नासिर मंसूरी, ,आदि उपस्थित रहे।

## नगर का विकास करना रहेगी पहली प्राथमिकता : नीलम चौबे



समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी नीलम चौबे ने आगामी नगर पालिका उप चुनाव को ध्यान में रखते हुए मोहल्ला नेहरू नगर, चौकाबाग, गांधीनगर, आजादपुरा में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने घर-घर जाकर लोगों से मुलाकात की और नगर के विकास के वायदे किए। जनसंपर्क के दौरान इंडिया गठबंधन प्रत्याशी नीलम चौबे ने कहा कि समाजवादी पार्टी सदैव गरीब, मजदूर, किसान, नौजवान और महिलाओं की आवाज़ को मजबूत करने का काम करती रही है। उन्होंने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि वर्तमान सरकार केवल वादों और जुमलों तक सीमित रही है, जबकि जनता महंगाई, बेरोजगारी और अव्यवस्था से परेशान है। सपा कांग्रेस प्रत्याशी ने उन्होंने आश्वासन दिया कि जीत के बाद नगर का सर्वांगीण विकास उनकी पहली प्राथमिकता होगी। इस दौरान हरी बाबू शर्मा, रामदास श्रोतीय, गीता मिश्रा, सपा जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह, नगराध्यक्ष अभि खजुरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव, रामप्रताप सिंह, शत्रुघ्न यादव, प्रमोद बबेले, अभय चौबे, कुलदीप पाठक, अभिषेक मिश्रा, राममूर्ति तिवारी, पूर्व पार्षद मुकेश रजक, अजय प्रताप सिंह तोमर, गौरव विश्वकर्मा, हरिसिंह, अरशद मंसूरी, भजनलाल कुशवाहा, बलवंत सिंह, राकेश रजक, नेहा तिवारी, रामनरेश दुबे, हृदेश मुखिया, मोंटी शुक्ला, अंकित यादव, शशिकांत दीक्षित, पंकज हुण्डैत, विधाकांत मालवीय, रविकांत दीक्षित, राजेश झा, सोनू शुक्ला सहित अनेक इंडिया गठबंधन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जिला अस्पताल से झांसी रेफर किया

## टैक्सी को ओवरटेक करते व्यापारी की आंख में घुसा लोहे का सरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



शुक्रवार की देर शाम एक गल्ला व्यापारी की आंख में सरिया घुसने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ जब सरिया से भरी एक टैक्सी ने स्कूटी को ओवरटेक किया। व्यापारी को गंभीर हालत में झांसी रेफर किया गया है। कोतवाली सदर क्षेत्र के मोहल्ला सिद्धनपुरा निवासी सुनील कुमार जैन (60) पुत्र कपूर चंद्र गल्ला मंडी में व्यापारी हैं। घटना के समय वे अपनी दुकान बंद कर मोहल्ले के दीपक राजा के साथ स्कूटी से घर लौट रहे थे। दीपक राजा स्कूटी चला रहे थे और सुनील जैन पीछे बैठे थे। देवगढ़ मार्ग पर स्थित देवगढ़ रेलवे क्रॉसिंग के ओवरब्रिज पर पहुंचते ही सरिया से भरी एक टैक्सी ने उनकी स्कूटी को ओवरटेक किया। टैक्सी से बाहर निकला लोहे का सरिया सुनील जैन की आंख में घुस गया, जिससे उनकी एक आंख फूट गई। उन्हें तुरंत मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। गौरतलब है कि ललितपुर में सरिया भरकर ले जाने वाले वाहन चालक अक्सर सुरक्षा नियमों का पालन नहीं करते। वे सरिया के पीछे खतरे के निशान के लिए लाल कपड़ा या झंडी नहीं लगाते और न ही सरिया की नोक पर सुरक्षा के लिए बोरा या गद्दी बांधते हैं। इसके बावजूद, यातायात विभाग या परिवहन विभाग द्वारा ऐसे वाहनों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती और न ही उनके चालान काटे जाते हैं।

## कार्यक्रम से लौट रहे जीप चालक को रोका, मुंह में मुक्का मारा

ललितपुर। मध्य प्रदेश पुलिस से रिटायर्ड होने की बात कहते हुये बदमाश ने जीप रोकते हुये मोबाइल फोन लूटने का प्रयास किया। मोबाइल की स्क्रीन फूट जाने के कारण जीप चालक पर मुक्के से हमला कर लहूलुहान कर देने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। प्रकरण को लेकर पीड़ित ने थाना मड़ावरा में शिकायत दर्ज करायी है। मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ अन्तर्गत थाना देहात के ग्राम बड़ागांव खुर्द निवासी रामलखन सिंह पुत्र स्व.नारायणसिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 1 अक्टूबर को वह भीकमपुर गांव में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बहू के साथ आया हुआ था। कार्यक्रम उपरान्त वह बहू को लेकर अपनी बुलैरो कार संख्या एम.पी.04 सी.ई. 6577 से वापस आ रहा था। रात करीब 10.30 बजे रनगांव के नजदीक पहुंचा तो वहां तिराहा के पास रखी मां देवी के पास दो व्यक्ति मड़ावरा की ओर जा रहे थे। एक आदमी बड़ा सा टी-शर्ट पहने सांवला से गले में चैन पहने हुये आया और उसकी जीप रोक ली। कारण पूछने पर उसने अपने आप को ठेका वाला बताते हुये कहा कि वह मध्य प्रदेश पुलिस से रिटायर्ड है। उक्त व्यक्ति उसे गालियां देने लगा, तभी उक्त व्यक्ति ने उसके मुंह में घूसा मार दिया।

## महाप्रबंधक ने किया ललितपुर जंक्शन का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज मंडल के महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने शनिवार सुबह ललितपुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। वे सुबह 10:10 बजे परख विशेष निरीक्षण यान से स्टेशन पहुंचे। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक सिंह ने प्लेटफॉर्म नंबर एक पर एक नए भवन के सामने चार महीने से खुदे पड़े हिस्से को देखा। इस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और निर्माण विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा, पूरा सत्यानाश कर दिया। इसके बाद, उन्होंने झांसी रेल मंडल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार को डीएसटी (डिविजनल सिग्नल एंड टेलीकॉम इंजीनियर) को तत्काल निलंबित करने के निर्देश दिए। महाप्रबंधक ने निर्माण कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने पेयजल स्टैंड के पास पानी फैलने से रोकने के लिए चारों ओर प्लेटफॉर्म बनाने को कहा। सिंह ने प्लेटफॉर्म नंबर एक और मालगोदाम का भी निरीक्षण किया। इस दौरान, समाजसेवियों ने विभिन्न ट्रेनों के ललितपुर स्टेशन पर ठहराव की मांग की। निरीक्षण के समय रेलवे विभाग के कई अधिकारी मौजूद थे।

## विहिप, बजरंग दल का स्थापना दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



विश्व हिन्दू परिषद का गौरवशाली 61वां स्थापना दिवस व बजरंग दल का 41वां स्थापना दिवस गोशाला अखाड़ा तालाबपुरा में बड़े धूमधाम से मनाया गया। सुबह से हनुमान मंदिर गौशाला अखाड़ा तालाबपुरा में हवन पूजन व शस्त्र पूजन किया गया तो वही शाम को स्वयं सेवकों ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100वें वर्ष पूर्ण होने पर दीपोत्सव मनाया गया। इस दौरान शीलचंद्र सिंघाई (पप्पी), फूलचंद्र विश्वकर्मा, आदर्श जैन, अविन्द संज्ञा, नरेश विदुआ, नरेन्द्र पाठक, अशीष तिवारी, पंकज रैकवार, रज्जन चतुर्वेदी, मुन्ना तिवारी, अनिल गिरी, रजनीश गिरि, रजत गिरी, रामरतन माली, मनीष पवैया, मुकेश जैन, प्रभु, कोमल, पूरन, रतन, प्रकाश, कमता, प्रताप कुशवाहा, अंकित शिवाजी, टोनी, संजय, प्रेम, जगदीश, कक्कू, महेश श्रीवास्तव, कुंदन सेन, रोहित यादव, रामेश्वर साहू, बड़े वल्ली चौबे, कल्लन चौबे, प्रताप सोनी, विपिन सराफ, आनंद रानू, सौरभ साहू, शैलेश राठौर, मनीष रजक, अतुल खरे, प्रदीप गिरि, शंकर कुशवाहा ठेकेदार, भोडले, शांत सागर, छोटे साहू रूपेश, गोविन्द श्रीवास्तव, सद्दे यादव, बल्देव राजा आदि मौजूद रहे।

### तालबेहट, महरौनी, मड़ावरा व पाली में आयोजित हुआ शिविर

## संपूर्ण समाधान दिवस का किया आयोजन, मौके पर कई शिकायतों का करवाया गया निस्तारण

**ललितपुर।** जन शिकायतों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के उद्देश्य से जिलाधिकारी अमनदीप डुली के निर्देशन में जनपद की तहसील तालबेहट, महरौनी, मड़ावरा व पाली में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। सीडीओ ने तहसील महरौनी व अन्य तहसीलों में उप जिलाधिकारियों ने जनता की शिकायतें सुनी। फरियादियों की समस्याएं सुनते हुए उन्हें आश्वस्त किया कि समस्याओं का एक ही स्थान पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने के लिए पहले व तीसरे शनिवार को जनपद की समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया जाता है। अधिकारियों से कई शिकायतों को मौके पर ही निस्तारित कराया और शेष शिकायतों के लिए सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे मौके पर जाकर समस्या का संज्ञान ले और शिकायतकर्ता की मौजूदगी में शिकायत का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। तहसील तालबेहट में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 82 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 28, विकास के 08, पुलिस के 18, विद्युत के 02, नगर पंचायत का 01, पूर्ति के 12 तथा अन्य विभागों के 13 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 09 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील महरौनी में कुल 36 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 20, पुलिस के 06, विकास का 01, पूर्ति का 01, विद्युत का 01 तथा अन्य विभाग के 07 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 04 प्रकरणों निस्तारण कराया गया। तहसील पाली में कुल 17 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 08, पुलिस के 04, पूर्ति के 04, चकबंदी का 01 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 02 का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील मड़ावरा में कुल 06 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 04, पुलिस का 01 तथा आंगनबाड़ी का 01 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, 01 का निस्तारण कराया गया।

## वरदानी भवन में सजाई गईं नव चैतन्य झांकियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय वरदानी भवन द्वारा ब्रह्माकुमारी बहनों ने शिवोहम आश्रम में नव चैतन्य झांकियां सजाई। जिसमें बड़े ही धूमधाम से पवित्र नवरात्रि महोत्सव मनाया गया। मां भवानी की चैतन्य मनमोहक झांकी के दिग्दर्शन एवं भाई-बहनों ने नृत्य कर माता की आराधना। जिसमें बच्चों, माताओं, भाई-बहनों सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे। जिसमें राजयोगिनी बीके चित्ररेखा दीदी के सानिध्य में बीके रूबी दीदी ने अध्यात्मिक नवरात्रि महोत्सव के महत्व के बारे में बताया कि शिव शक्तियां, आसुरी शक्तियों का नाश करती हैं। इस दौरान बीके मायारानी दीदी, बीके प्रीती दीदी, बीके प्रियंका बहन, निशा बहन, बीके पूजा बहन, बीके विद्यासागर भाई, एड.रामस्वरूप साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, कुंज बिहारी उपाध्याय, शिवचरण सोनी, केशव प्रसाद पांडे, राधेश्याम ताम्रकार, अशोक भाई, महेश कंचन, गणेश साहू, अमन जोशी, मनोज जोशी, मनीष दुबे, रोहित श्रीवास्तव, हरिशंकर साहू, विनोद यादव, शुभम भाई, नितिन निरंजन, डा.पुरुषोत्तम निरंजन, गोपाल साहू, कैलाश नारायण, खुशीलाल भाई, दातार भाई, अनीता चौरसिया, चंदा साहू, सीमा नरवरिया, रेखा सिंधी, आशा सिंधी, किरण साहू, मुन्नीराजा बुंदेला आदि मौजूद रहीं।

## अलमारी में रखी लाइसेंसी पिस्टल गायब, रिपोर्ट दर्ज

**ललितपुर।** करीब बीस दिन पहले घर की अलमारी में रखी लाइसेंसी पिस्टल अचानक से गायब होने से शस्त्र लाइसेंस धारक की परेशानियां अचानक से बढ़ गयीं। किसी अप्रिय घटना कारित न हो इसके लिए काफी खतरा बना हुआ है। इस सम्बन्ध में पिस्टल मालिक ने कोतवाली पुलिस को लिखित रूप से सूचना दी है। पुलिस ने पिस्टल गायब होने की अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।सिटी चौकी क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला तालाबपुरा डोंडाघाट में रहने वाले आनन्द कुमार पुत्र खूबचन्द्र लोधी ने पुलिस को लिखित तहरीर दी है। अवगत कराया कि वर्ष 2012 में उनके नाम से लाइसेंस नम्बर 347/पी.एस.-ललितपुर 2011 जारी हुआ था। इस लाइसेंस के बाद उसके पास पिस्टल शस्त्र संख्या 240313445 थी। आनन्द कुमार के मुताबिक उसने 24 अगस्त 2025 को अपनी लाइसेंसी पिस्टल अपने घर की अलमारी में रख दिया था। करीब 20 दिन बाद 15 सितम्बर 2025 को अपराह्न करीब 2 बजे उसने अपने घर की अलमारी को खोलकर देखा, तो उसका पिस्टल शस्त्र उक्त स्थान पर मौजूद नहीं था। आनन्द कुमार के अनुसार पिस्टल के अन्दर उसका शस्त्र लाइसेंस व खाली मैगजीन थी, जिसकी उसने काफी खोजबीन की, लेकिन वह नहीं मिली। अब पीड़ित ने किसी अप्रिय घटना कारित न जाये, ऐसा खतरा होने का अंदेशा व्यक्त किया है। पुलिस ने आनन्द कुमार की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### राष्ट्रीय सेवा योजना मिशन शक्ति के तहत अच्छा स्पर्श और बुरा स्पर्श कार्यशाला का आयोजन

## छात्राओं को अच्छा व बुरा स्पर्श में अंतर बताते दिशा निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत मिशन शक्ति के तत्वावधान में गुड टच / बैड टच विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं को अच्छा स्पर्श और बुरा स्पर्श में अन्तर बताया गया एवं इससे सावधान व जागरूक रहने की सलाह व दिशा निर्देश दिये गये। कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज की डॉयरेक्टर डॉ० लतिका सुडेले, प्राचार्य डॉ० राजेन्द्र प्रकाश, आईक्यूएसी० प्रभारी प्रभांशु नगाइच एवं संयोजक दिनेश श्रीवास्तव ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया। डॉ० लतिका सुडेले ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज के आधुनिकता के दौर में लोग पाश्चात्य सभ्यता अपना रहे हैं एवं अपनी मूल भावनाऐं और मार्यादाऐं भूलते जा रहें हैं। कुछ विकृत मानसिकता के लोग महिलाओं के साथ असहज व्यवहार करते हैं ऐसे लोगो से सावधान रहें एवं अमर्यादित आचरण का खुलकर विरोध करें।प्राचार्य डॉ० राजेन्द्र प्रकाश ने कहा कि आप लोग भूलवश व जान बूझकर किये गये स्पर्श में अन्तर समझे एवं उसकी भावना को समझे आर्शीवाद देना एवं सहारा देना अच्छा स्पर्श है लेकिन इसके पीछे उसकी नियत का आंकलन करें। यदि कोई ऐसी जगह स्पर्श करे जिससे आप असहज महसूस करें तो तुरन्त उसका प्रतिरोध करें इसकी अनदेखी न करें किसी अपरिचित व्यक्ति के साथ उपहार, खान पान व प्रलोभन में साझा न करें। जहाँ भी जाये अपने माता पिता को सूचित अवश्य करें। किसी आपात स्थिति में पुलिस हेल्पलाइन का सहारा लें।

प्रवक्ता रानी पुरोहित ने कहा कि यात्रा करते समय बस, रेल या अन्य वाहनों में बुरे स्पर्श की सम्भावना अधिक रहती है एसी जगह आप सतर्क और चौकन्ना रहें। देर रात अकेले और निर्जन स्थान पर जाने से बचे एवं अश्लील व भड़काऊ वस्त्र धारण करने से परहेज करें कार्यक्रम संचालन प्रवक्ता अभिषेक शुक्ला ने किया एवं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी दिनेश श्रीवास्तव ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में असि०प्रो० दिनेश श्रीवास्तव, दीपक जैन, भानूप्रताप सिंह, रानी देवी, छाया तिवारी, अनीता साहू, नेहा श्रीवास्तव, ज्योति रानी, आसिफ खान, पुष्पेन्द्र पुरोहित, केहर राही, निधि जैन, जगतराज, राजकुमार पटेल, पंकज पटैरिया, रवीन्द्र कुमार अभिषेक शुक्ला, अमित कुमार, नीलू, मुबीन मंसूरी, अंकेश यादव, राजेन्द्र रजक, सक्षम त्रिपाठी, राहुल जैन, शशि श्रीवास्तव मनोज रजक, पुष्पेन्द्र, माता प्रसाद तिवारी ने प्रतिभाग किया।

### कई माह बीतने के बाद भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका की भर्ती नहीं

# सरकार ने वैकेंसी में भ्रष्टाचार रोका तो विभाग ने भर्ती ही रोक दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

महिला बाल विकास विभाग द्वारा नियुक्तियों के मामले में फर्जीवाडा रोकने के उद्देश्य से प्रदेश भर में मिनी कार्यकर्ताओं को फुल कार्यकर्ता बनाकर उन्हें सहायिका उपलब्ध कराने के तहत जो वेकेंसी निकाली है उसमें विभागीय अधिकारी भ्रष्टाचार न कर लें इस उद्देश्य से सरकार भर्ती प्रक्रिया को ही ऑनलाइन कर दिया है। जिससे भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता के साथ भ्रष्टाचार पर लगाम लग सकी है लेकिन श्योपुर जिले अधिकारियों को शायद भ्रष्टाचार रोकने वाली सरकार की यह बात रास नहीं आ रही है। इसलिए आवेदन करने के बाद भी कई माह बीतने पर भी विभाग नियुक्ति कराने के लिए खंड स्तरीय बैठक आयोजित नहीं करा रहा है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की नियुक्ति के मामले में सीडीपीओ पर एक लाख से लेकर दो लाख रूपए तक लेकर फर्जी नियुक्तियां करने के आरोप लगातार लगते रहे हैं। इन आरोपों के लगने से सरकार की छवि भी धूमिल हो रही थी, इसको ध्यान में रखते हुए अब सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं की नियुक्ति में ईमानदारी और पारदर्शिता बरतने के उद्देश्य से ऑफलाइन भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगाते हुए ऑनलाइन कर दिया है। अब आवेदन लेने से लेकर नियुक्ति लेटर जारी करने तक की प्रक्रिया ऑनलाइन की जाएगी। इसके लिए विभाग ने पोर्टल भी बनाया है जिसके माध्यम से आवेदकों ने आवेदन क्योस्क सेंटर पर जाकर खुद ऑनलाइन कराए हैं। इस मामले पारदर्शिता बरतने के चलते इस बार नौकरी लगाने के नाम पर रिश्वत मांगने वाले अफसरों के दलाल दिखाई नहीं पड़ रहे हैं।




#### हाई कोर्ट तक पहुंचे नियुक्ति फर्जीवाड़े के विवाद

नियुक्ति के मामले में लगने वाले आरोपों से सरकार भी काफी परेशान थी। नियुक्ति होने के बाद दावे आपत्ति में पहले जिला स्तरीय समिति की बैठक में आरोप प्रत्यारोप लगते थे कई मामले तो जिला स्तरीय समिति में ही कुछ आरोप फर्जी सिद्ध हो भी जाते हैं जो आपत्ति मान्य नहीं होती उन पर शिकायत कर्ता विभाग जानकारी छुपाने का आरोप लगाते रहे। जिला स्तरीय समिति में आवेदन स्वीकार नहीं होने पर महिलाएं एडीएम न्यायालय अथवा कलेक्टर व्यायालय में अपील करती रही है ओर यहां भी अपील खारिज होने पर कमिश्नर न्यायालय में अपील करना सामान्य बात है पर कई आवेदक तो हाई कोर्ट तक पहुंच चुके हैं। ऐसे कई मामले हाई कोर्ट में लंबित है सरकार को इस तरह के मामलों से अधिकारियों और महिलाओं को परेशानी से बचाने के उद्देश्य से अब पूरी सरकार ने अब भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता अपनाने का निर्णय लिया है।

#### 395 सहायिका और 11 कार्यकर्ता की होनी है भर्ती

महिला बाल विकास विभाग ने जो वैकेंसी निकाली है वह जिले में 395 सहायिका और 11 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए निकल गई है इन पदों के लिए पात्र अभ्यर्थियों ने आवेदन कर दिए हैं लेकिन विजयपुर परियोजना को छोड़कर किसी भी परियोजना में नियुक्तियां नहीं की गई है अलबत्ता इक्का-दुक्का नियुक्ति कर ली है जो नियुक्तियां हुई है उनमें भी फर्जी वाडा के आरोप लगे हैं। अफसरों के लिए इस मामले में रिश्वत लेना इसलिए और परेशानी की बात हो गई है क्योंकि जिन्होंने ऑनलाइन फॉर्म भरे हैं उनकी जानकारी भी विभाग को नहीं है मोबाइल नंबर भी सरकार ने आवेदन में से विलोपित कर दिया हैं जिससे उन्हें फोन नहीं लगाया जा रहा है सूत्रों के माने तो नियुक्ति किसकी होनी है यह तो पता चल गया है लेकिन उनसे पैसे लिए बिना विभाग उन्हें नियुक्ति का प्रमाण पत्र नहीं देना चाहता है इसलिए नियुक्ति नहीं दी जा रही है ।

#### इनका कहना है...

प्रदेश में 12670 मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की वेकेंसी निकाली गई जिसमें जिले में 395 सहायिका और 11 कार्यकर्ताओं के लिए आवेदन भरवाए गए हैं। पिछले समय से कुछ त्योहार और छुट्टियां पड़ जाने से पूरी नियुक्ति नहीं हो सकती है एक-दो दिन में नियुक्तियां करने के लिए खंड स्तरीय बैठक बुलाई जाएगी।

**महेंद्र कुमार अंब**
**डीपीओ श्योपुर**

---

### सोंईकलां में निकाला संघ का पथ संचलन,जगह जगह हुआ स्वागत

# जननी-जन्मभूमि स्वर्ग से महान है,इसके वास्ते ये तन है मन है और प्राण है...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोंईकलां

संगठन गढ़े चलो.., सुपथ पर बढ़े चलो, भला हो जिसमें देश का वो काम सब किए चलो। जननी-जन्मभूमि स्वर्ग से महान है,इसके वास्ते ये तन है मन है और प्राण है। जैसे देश भक्ति गीतों की धुन पर रविवार को संघ के स्वयंसेवको ने सोंईकलां कस्बे के प्रमुख मार्गो से गुजरते हुए घोष की थाप पर न सिर्फ अपने कदम ताल मिलाए,बल्कि लोगों में देश भक्ति का जज्बा भी जगाया। अवसर था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सोंईकलां खण्ड ईकाई के द्वारा रविवार को निकाले गए पथ संचलन का। पथ संचलन का कस्बे में कई जगह स्वागत किया गया। पथ संचलन की शुरूआत सोंईकलां कस्बे के नयापुरा तिराहा स्थित शासकीय मिडिल स्कूल परिसर से हुई। यहां पथ संचलन से पूर्व शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां स्वयंसेवको ने विविधत रूप से शस्त्रों की पूजा की।

इसके बाद मिडिल स्कूल परिसर से पथ संचलन शुरू हुआ। जो गोपालपुरा रोड, गुर्जर मोहल्ला, शिवहरे मोहल्ला, पडसावत मोहल्ला, गोपालपुरा रोड होते हुए मैन बाजार पहुंचा। पथ संचलन में तीन समानांतर कतारों में कदम बढ़ाते अनुशासित स्वयं सेवक देशभक्ति गीतों का उद्घोष करते हुए सुपथ की ओर कदम बढाकर लोगों में देश भक्ति का भाव जगाते चल रहे थे। पथ संचलन का किसी जगह आरती उतारकर तो किसी पुष्पा वर्षा करके स्वागत किया। मुख्य बाजार से पथ संचलन कुम्हार मोहल्ला, अंसारी मोहल्ला, यादव मोहल्ला, बैरवा मोहल्ला, गौड मोहल्ला और बस स्टैंड होते हुए वापस मिडिल स्कूल परिसर में पहुंचकर सम्पन्न हुआ।



#### पंच परिवर्तन से होगा सामाजिक परिवर्तन

सोंईकलां स्थित शासकीय मिडिल स्कूल प्रांगण में पथ संचलन से पहले बौद्धिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। खंड कार्यवाह रामराज मीणा की अध्यक्षता में आयोजित इस बौद्धिक कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में जिला प्रचारण अभिजीत मिश्रा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला सह कार्यवाह सत्यनारायण शिवहरे उपस्थित थे। मुख्य वक्ता जिला प्रचारक अभिजीत मिश्रा ने उपस्थित स्वयंसेवको को संबोधित करते हुए जहां भारत के गौरवशाली इतिहास को रेखांकित किया वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना और उसके द्वारा किए गए कार्यो के बारे भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि पंच परिवर्तन के दौरान कुटुंब प्रबोधन, नागरिक शिष्टाचार, सामाजिक समरसता, स्वदेशी जीवन शैली, पर्यावरण को लेकर पूरे देश में काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पंच परिवर्तन के जरिए न केवल सामाजिक परिवर्तन आएगा।बल्कि हमारा राष्ट्र भी मजबूत बनेगा।

---

### पुलिस पेंशनर्स संघ ने मनाया तीसरा स्थापना दिवस

# सेवानिवृत्त हो जाने के बाद भी पुलिस परिवार का हिस्सा हैं पेंशनरः एसपी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

पुलिस पेंशनर्स संघ मध्यप्रदेश की गुना इकाई का तीसरा स्थापना दिवस शनिवार को हनुमान टेकरी मंदिर प्रांगण में मनाया गया। कार्यक्रम में गुना एसपी अंकित सोनी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और पेंशनर्स के योगदान की सराहना की।कार्यक्रम के दौरान सुरेश कुशवाह और भंवर सिंह बना को उनकी 75 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि एसपी अंकित सोनी ने अपने संबोधन में कहा कि भले ही पेंशनर्स संघ के सदस्य अब सेवानिवृत्त हो चुके हैं, लेकिन वे हमेशा पुलिस परिवार का ही हिस्सा रहेंगे। उन्होंने पेंशनर्स को आश्वस्त किया कि किसी भी तरह की परेशानी होने पर वे कभी भी उनसे संपर्क कर सकते हैं। एसपी सोनी ने संघ से यह भी कहा कि अगर वे किसी अच्छे सामाजिक कार्य के लिए उपकरण खरीदना चाहते हैं, तो वह पूरा सहयोग करेंगे। एसपी सोनी ने अपने विभाग का उद्देश्य मध्यप्रदेश में टॉप पर आना बताया और इसी तरह मध्यप्रदेश पुलिस पेंशनर्स संघ की गुना इकाई का नाम भी प्रदेश में ऊँचा हो, इसके लिए पेंशनर्स से सहयोग करने का आग्रह किया।

संघ के अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा ने बताया कि पुलिस पेंशनर्स संघ की स्थापना 4 अक्टूबर 2022 को हुई थी और सिर्फ तीन साल के भीतर ही यह मध्यप्रदेश के 33 जिलों में विस्तारित हो गया है। गुना जिले में संघ के 104 स्थाई सदस्य हैं। राजेंद्र शर्मा ने संघ की सामाजिक गतिविधियों में सहभागिता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि संघ ने 9 हजार रुपए की राशि एकत्रित एक उपकरण खरीदा है, जिसे ले जाकर संघ के 5 सदस्य अब गांव-गांव जाकर लोगों को बताएंगे कि पुलिस लोगों की सहयोगी और मित्र है। साथ ही, हेलमेट नहीं लगाने से होने वाले नुकसान के प्रति भी पुलिस पेंशनर्स संघ लोगों को जागरूक करेगा। संघ बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए भी प्रेरित करेगा। अध्यक्ष शर्मा ने विभाग की तरफ से पेंशनरों को मिल रही सभी सुविधाओं के लिए एसपी अंकित सोनी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने एसपी को यह भी आश्वस्त किया कि सेवाकाल के बाद भी पेंशनर्स विभाग के लिए कुछ भी करने के लिए हमेशा तैयार हैं।

---

# देहात थाने में वसूली मामले को लेकर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर के खातौली रोड पर रात के अंधेरे में ट्रैक्टर चालको से फर्जी पुलिस बनकर की गई वसूली मामले में देहात थाना पुलिस ने देर रात को दो लोगो पर एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस ने एक आरोपी को अरेस्ट करते हुए जेल भेज दिया है। वहीं दूसरा आरोपी फिलहाल अज्ञात है,जिसे नामजद किए जाने की कार्रवाई पुलिस की ओर से की जा रही है। देहात थाना प्रभारी शशि तोमर ने बताया कि सुबान पुत्र साबुद्दीन खान निवासी हसनपुरा हवेली बंजाराडैम ने शिकायती आवेदन दिया था कि पुलिस कार्रवाई का डर दिखाकर हमसे 1 हजार रूपए की वसूली की गई है। इस मामले में जांच के बाद कार्रवाई करते हुए रूप सिंह जाटव निवासी हीरापुरा थाना रघुनाथुपर सहित दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। रूप सिंह को अरेस्ट करते हुए दूसरे आरोपी और बोलेरो गाडी के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

---

# रिपेयरिंग करते समय स्टार्ट हो गया दो ट्रकों के बीच दबकर मिस्त्री की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

न्यू सिटी कॉलोनी के पास शनिवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां वाहनों की मरम्मत कर मिस्त्री की दो ट्रकों के बीच दबकर मौत हो गई। जानकारी सामने आई है कि 45 वर्षीय ओमप्रकाश कुशवाह निवासी कोल्हुपुरा तुलसी कॉलोनी न्यू सिटी पुलिया के पास ट्रक मरम्मत का काम करते थे। शनिवार को ओमप्रकाश एक ट्रक की मरम्मत कर रहे थे और उसी के सामने दूसरा ट्रक खड़ा था। ट्रक की रिपेयरिंग करते समय वह अचानक स्टार्ट हो गया और आगे बढ़ गया।

ओमप्रकाश इससे पहले कि बचने के लिए भागते तब तक वह दोनों ट्रकों के बीच में दब गए और उनकी मौत हो गई।बताया जा रहा है कि ओमप्रकाश मूलतः शिवपुरी के रहने वाले थे और लम्बे समय से कोल्हुपुरा में अपनी ससुराल में आकर रहने लगे थे। इस घटना की जानकारी मिलने पर उनका बेटा और परिवार के सदस्य जिला अस्पताल पहुंचे। ओमप्रकाश का शव देखकर परिजनों का हाल बेहाल था। परिजनों और रिश्तेदारों ने उन्हें ढांढस बंधाया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है और मर्ग कायम कर लिया है।

---

### मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी का सिलसिला के तहत मुशायरा आयोजित

# हमी सजाते रहेंगे इसे जबीनों पर, हम अपने मुल्क की मिट्टी को मां समझते हैंःगाफिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



हमी सजाते रहेंगे इसे जबीनों पर, हम अपने मुल्क की मिट्टी को माँ समझते हैं ग़ज़ल का ये शेर युवा शायर अनवर ग़ाफ़िल का है जिन्होंने रविवार को जिला मुख्यालय पर मध्य प्रदेश उर्दू अकादमी, संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग के तत्त्वावधान में आयोजित हुए मुशायरा में काव्यपाठ करते हुए पढ़ें।

सिलसिला के तहत प्रसिद्ध शायर अख़्तर हसन वहशी को समर्पित स्मरण एवं रचना पाठ का आयोजन रविवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित किया गया। इस संबंध में ज़िला समन्वयक अनवर ग़ाफ़िल ने मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ. नुसरत मेहदी के माध्यम से बताया कि प्रदेश भर में 'सिलसिला' जैसे कार्यक्रम उर्दू अदब की उस परंपरा का निर्वहन है जो स्मरण और सृजन, दोनों को समान महत्त्व देती है। मुशायरा में शायर शाकिर अली शाकिर ने इस तरह समां बांधा, ₹वही दर्द है वही ज़ख़्म है वही तेग़ है वही वार है, ये उरूज कैसा उरूज है ये बहार कैसी बहार है₹। शायर डॉ अय्यूब ख़ान ग़ाज़ी ने काव्यपाठ करते हुए कहा कि, ₹नहीं है तेरा घर दुनिया मगर तूने कहां समझा, फ़क़त तिनकों के मजमूए को तूने आशियां समझा₹। लंबे समय बाद काव्यपाठ से जुड़े राष्ट्र स्तरीय शायर प्रणय प्रभात ने उपस्थित श्रोताओं का कुछ इस तरह मनोरंजन किया ₹देखता हूं जितने नन्हें हाथ सिक्के मांगते।

शर्म से इक दिन में उतनी बार मर जाता हूं मैं। शायर सईद चराग़ ने मुझको आईना जहां यूँ ही नहीं कहता, मैंने दिखलाई है चीज़ों की इबादत करके, समा बांधा, मशहूर गज़लकार हमीद बालापुरी ने अपनी शेरों शायरी से महफ़िल लूटने का काम इस तरह किया ख़ुदाया हौसला ऐसा मुझे अता फरमा, के राहे हक़ में मिरे पाऊं डगमगा न सकें₹। युवा कवि तरूण शर्मा ने मानवीय संवेदनाओं को अपनी कविता में यूं उभारा बाप ने जब बेच डाली झोंपड़ी, बेटियों के हाथ पीले हो गए। युवा कवि गोपाल रघुवंशी ने काव्यपाठ करते हुए कहा कि अम्नो अमां के दीप जलाता रहता हूँ, प्यार वफ़ा के गीत मैं गाता रहता हूँ। इरफ़ान अख़्तर कनापुरी ने मुझको न यूँ नज़र से ख़ुदारा गिराइये, मैं बेवफ़ा नहीं हूं मुझे आज़माइये। कार्यक्रम का संचालन कर रहे डॉ अशफ़ाक़ अर्शी ने सफ़ल संचालन के अलावा काव्यपाठ करते हुए कहा कि अच्छा हुआ के कोई भी ग़मखार न हुआ, बस पीठ पर यूं ही तो मेरे वार न हुआ₹। कार्यक्रम के अंत में ज़िला समन्वयक अनवर ग़ाफ़िल ने सभी अतिथियों, रचनाकारों एवं श्रोताओं का आभार व्यक्त किया।

---

### क्राइम मीटिंग में एसपी ने अवैध नशा कारोबार को लेकर दिए निर्देश

# नशा कारोबार में सामने आई किसी पुलिसकर्मी की मिलीभगत तो होगी सख्त कार्रवाईःएसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिले को नशा मुक्त बनाने की दिशा में सभी थाना प्रभारी प्रभावी कार्रवाई करें, जो लोग नशा कारोबार को चोरी छिपे संचालित कर रहे है,उनका पता लगाकर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। अवैध नशा कारोबार में किसी भी पुलिसकर्मी की मिलीभगत बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि किसी पुलिसकर्मियों की मिलीभगत सामने आई तो उसके खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी। यह निर्देश पुलिस कप्तान सुधीर कुमार अग्रवाल ने रविवार को पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित अपनी पहली क्राइम मीटिंग में उपस्थित थाना प्रभारियों को दिए। करीब तीन घंटे चली क्राइम मीटिंग में पुलिस अधीक्षक अग्रवाल ने सभी थाना प्रभारियों से वन टू वन चर्चा करते हुए उन्हें साफ शब्दों में निर्देशित कर दिया है कि स्मैक, गांजा, जुआ, सट्टा और अवैध शराब जैसे अवैध कारोबार को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत काम किया जाए।

पुलिस कंट्रोलरूम में सुबह करीब 11 बजे से शुरू हुई क्राइम मीटिंग करीब दो बजे तक चली। मीटिंग में एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल ने सभी थाना प्रभारियों से चर्चा करते हुए उन्हें नवरात्रि और दशहरा पर्व शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न हो जाने पर बधाई दी। साथही थानेवार लंबित अपराध,लंबित मर्ग, प्रतिबंधात्मक कार्रवाई और फरार वारंटियों को लेकर समीक्षा की। इस दौरान जिन थानो में कार्रवाई की प्रगति रिपोर्ट अच्छी मिली,उन थाना प्रभारियों को शाबासी दी गई। जबकि जिन थानो में कार्रवाई को लेकर जो कमियां मिली उन थानों के प्रभारियों को सुधार किए जाने का मौका दिया गया है। एसपी ने कहा कि अगले तीन माह में थाना प्रभारी सुधार की कार्रवाई करते हुए पेडेंसी का हर हाल में निराकरण करें। एसपी ने मीटिंग के दौरान सभी थाना प्रभारियों को अपने काम करने के तरीके से अवगत कराते हुए कहा कि अब किसी तरह की कोई बहानेबाजी और ढिलाई चलेगी। जो अभियान चलाए जाए,उसमें पूरी सक्रियता के साथ कार्रवाई की जाए। सभी थाना प्रभारी अपनी और अपने स्टाफ की कमियों में सुधार करते हुए पुलिसिंग को बेहतर करने की दिशा में काम करें। का्रइम मीटिंग में एएसपी प्रवीण भूरिया समेत एसडीओपी और सभी थाना प्रभारी मौजूद थे।



#### ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले पुलिसकर्मियों का भी काटे चालान

क्राइम मीटिंग में एसपी सुधीर अग्रवाल ने कहा कि नियम तोडने वाले वाहन चालकों पर सभी थाना प्रभारी अपने अपने क्षेत्र में चालानी कार्रवाई करें,लेकिन जो पुलिसकर्मी भी ट्रैफिक नियमो को तोडते हुए वाहनों को संचालन करते हुए नजर आए,उनके खिलाफ भी संबंधित थाना प्रभारी चालानी कार्रवाई करें। एसपी ने कहा कि हम दूसरो को तब सुधार पाएंगे,जब पहले हम खुद में सुधार करेंगे।

#### एक बार सबको दिया जाएगा सुधरने का मौका

एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल ने क्राइम मीटिंग को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि सभी थाना प्रभारियों को अपनी कमियों को सुधारने का एक मौका जरूर दिया जाएगा। थाना प्रभारी उस मौके को गंवाए नहीं,बल्कि अपनी और अपने स्टाफ की कमियों में सुधार करें। मौका दिए जाने के बाद भी जो थाना प्रभारी या फिर अन्य कोई पुलिसकर्मी गलती करेगा,उसे बख्शा नहीं जाएगा। एसपी ने कहा कि पीएचक्यू से जिन अभियान को लेकर कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए जाए,उन निर्देशो की पालना के क्रम में सभी थाना प्रभारी कार्रवाई करने में गंभीरता दिखाए।

---

# दुग्ध समृद्धि अभियान के तहत कलमी पहुंचे कलेक्टर,पशु पालकों से की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने का लक्ष्य पशुपालन विभाग को दिया गया है। इस हेतु 02 अक्टूबर से 09 अक्टूबर तक जिले में दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर अर्पित वर्मा ने रविवार को आदिवासी विकासखण्ड कराहल के ग्राम कलमी का भ्रमण कर पशुपालको से दुग्ध उत्पादन पर चर्चा की। इस अवसर पर उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ आरके त्यागी, पशु चिकित्सक डॉ नरेन्द्र कुमार मथुरिया, एव्हीएफओ सुनील कुमार आदि उपस्थित रहें।

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने पशुपालको से चर्चा के दौरान कहा कि पशुपालन विभाग द्वारा चलाये जा रहे नस्ल सुधार कार्यक्रम का लाभ लेते हुए दुग्ध उत्पादन बढायें, उन्होने कहा कि भैसवंशीय पशुओं के साथ गौवंश को भी बढावा दिया जायें। इस अवसर पर पशुपालको को नस्ल सुधार, उचित पोषण एवं पशु स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी गई, साथ ही पशुपालको को नस्ल सुधार कार्यक्रम में निराश्रित सांडो का बधियाकरण, सेक्स सोर्टेड सीमन से कृत्रिम गर्भाधान (बछिया/पडिया ही पैदा होती है) संतुलित पशु आहार एवं समय समय पर सभी बीमारियों का टीकाकरण करवाने की सलाह प्रदान की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि मनरेगा के तहत पशुपालको को पशुपालन के लिए शैड की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये तथा बैंको से केसीसी दिलाये जायें। उन्होने कहा कि एलडीएम के माध्यम से गांव में शिविर लगाकर केसीसी स्वीकृत किये जायें। उन्होने निर्देश दिये कि अगले 10 दिन तक कलमी गांव में क्षेत्रीय पशु चिकित्सक एवं एव्हीएफओ द्वारा टीकाकरण कैम्प लगाया जायें। पशुओं में लम्पी वायरस एवं खुरपका एवं मुहपका रोग की रोकथाम के लिए टीकाकरण सुनिश्चित किया जायें। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा अवगत कराये जाने पर कि क्षेत्रीय पशु चिकित्सक तथा एव्हीएफओ द्वारा समय पर भ्रमण नही किये जाते है। इस पर पशु चिकित्सक डॉ नरेन्द्र कुमार मथुरिया तथा एव्हीएफओ सुनील कुमार को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिये।

## खबर संक्षेप

### जिले में मारपीट की घटनाओं के मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत चैधरी मोहल्ला निवासी नीतेश पाठक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मेहुल जयसवाल ने ब्लड लेने की बात पर से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकर कॉलोनी निवासी रवि माहोर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी शिवम राजपूत, अमन रजक एवं निक्की ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम डोंगर निवासी छोटा यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अनुज कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मसीदपुर निवासी रविन्द्र रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामू और मोनू रघुवंशी ने लोहे की वस्तु से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम फतेहाबाद निवासी भावना अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके पति रामकिशन अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हलनपुर निवासी मन्नू आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जगदीश परमार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत खिन्नी मोहल्ला निवासी मुकेश केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विजय केवट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम विजयपुरा निवासी गीता बाई पाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अभिषेक यादव, धर्मवीर यादव, सुनीता बाई यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से सुनीता बाई यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कृष्णपाल यादव गीताबाई यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम किशनगढ़ निवासी हरीराम आदिवासी गीता बाई पाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जसवीर आदिवासी, नेपाल आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम टाड़ा चक्क निवासी शिवलाल अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बंटी और पहलवान अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### युवक ने फांसी लगाकर कर ली आत्महत्या

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत अशोक पुत्र मौजीलाल सेन निवासी ग्राम मूडरा बहादुरा थाना पिपरई ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

**अशोकनगर।** जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत ग्राम विक्रमपुर निवासी राजेश पुत्र कुन्दन रैकवार उम्र 45 साल ने अपने ही घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### लापरवाही, महिला को ड्रिप से बना ब्लड क्लॉट

**अशोकनगर।** चन्देरी नगर के ढिमरयाना मोहल्ला निवासी 20 वर्षीय नर्मदा रैकवार ने वार्ड नंबर 1 के एक डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही का गंभीर आरोप लगाते हुए जिला चिकित्सा अधिकारी को लिखित शिकायत की है। आरोप है कि 18 सितंबर को गलत इंजेक्शन और ड्रिप के कारण महिला के मस्तिष्क में ब्लड क्लॉट बन गया, जिससे जान का खतरा हो गया। शिकायत की प्रति कलेक्टर आदित्य सिंह को भी भेजी गई है। नगर में फर्जी या बिना योग्यता वाले डॉक्टरों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। ऐसा ही एक मामला सामने आया है, जहां वार्ड नंबर 1 निवासी नर्मदा रैकवार (20) पुत्री ने डॉ. विकास राय पर लापरवाही का आरोप लगाया है।


---

किसानों को लगातार मिट्टी परीक्षण के लिए प्रेरित किया जाता है

# मृदा परीक्षण को लेकर 3 प्रयोगशाला भूमि में हो रही आवश्यक तत्वों की कमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





जिले में किसानों के लिए लगातार मिटटी परीक्षण के लिए प्रेरित किया जा रहा है साथ में यह भी कहा जा रहा ह कि मिटटी में जो आवश्यक तत्व हैं उन तत्वों की कमी की ओर विशेष ध्यान दिया जाए। जिले में किसान भी मिटटी परीक्षण के लिए आ रहे हैं लेकिन कमियों को दूर करने की दिशा में कोई काम नही हो रहा है।

अशोकनगर जिला कृषि प्रधान जिला है यहां सब कुछ खेती पर निर्भर है अगर कृषि अच्छी है तो किसान भी सम्पन्न है और व्यापार भी समृद्ध है और अच्छी खेती का असर व्यापार पर भी पडता है। जिले में किसान जो खेती करते आ रहे हैं वह खेती के परंपरागत ढंग ही अपना रहे हैं जबकि शासन लगातार किसानों को प्रेरित कर रहा है कि खेती को मुनाफे का धंधा बनाया जाए। कम जगह में अधिक खेती की जाए उसके बाद भी किसान अपने ही ढंग से कृषि की पैदावार करते आ रहे हैं। आज भी अधिकांश किसान पुराने तरीकों को ही अपना रहे हैं जबकि खेती का मशीनीकरण हो गया है। बदले हुए समय में किसानो को खेती करने के तरीकों को भी बदला चाहिए जिससे उपज भी अच्छी मात्रा में होगी और खेती से भरपूर आय हो सकेगी। लेकिन किसान अपने ही ढंग से खेती कर रहे हैं कईं किसानों में जागरूकता भी आई है और उन्होंने इस दिशा में काम भी किया है।

जिले में एक ओर कृषि विभाग कल्याण बोर्ड संचालित है तो दूसरी और कृषि विज्ञान केन्द्र के माध्यम से भी किसानों को लगातार प्रेरित किया जाता है । किसान खेती का तरीका बदले जिसके लिए किसानों को वर्ष में एक बार प्रशिक्षण के लिए भी उन स्थानों का भ्रमण किया जाता है जहां किसानों ने सफलता के नए कीर्तीमान तय किए हैं लेकिन उसके लिए जरूरी है कि किसान खेती का तरीका बदले और मिटटी का परीक्षण कराएं और जहां जहां कमी नजर आ रही है उस कमी को पूरा करने के लिए भूमि में रासायनिक तत्वों की पूर्ति करें। इसके लिए जरूरी है कि किसान कृषि का उत्पादन करने के साथ साथ मिटटी का परीक्षण अवश्य कराएं। मिटटी परीक्षण के माध्यम से यह तथ्य सामने आते हैं कि मिटटी में किस तरह के रासायनिक तत्वों की कमी है और उन तत्वों की पूर्ति के लिए किसानों को किस प्रकार के रासायनिक संसाधनों का उपयोग किया जाना चाहिए। कृषि उप संचालक अमित सिंह ने बताया कि जिले में मिटटी परीक्षण को लेकर 3 मिटटी परीक्षण प्रयोगशालाएं संचालित हैं। इन प्रयोगशालाओं के माध्यम से मिटटी का परीक्षण किया जाता है परीक्षण की रिपोर्ट किसानों को प्रदान की जाती है। उस रिपोर्ट के आधार पर किसानों को पता चलता है कि उनके यहां की मिटटी में कौन से तत्वों की कमी है उसे कैसे पूरा किया जा सकता है। जिले में लगातार किसान मिटटी परीक्षण करा रहे हैं लेकिन यहां कि भूमि में जिन तत्वों की कमी है अगर इन तत्वों को पूरा किया जाए तो जमीन की उर्वरक शक्ति बढ़ेगी और उर्वरक शक्ति जिन कारणों से घट रही है उन कारणों को भी पूरा किया जा सकेगा। यहां के किसान रवि और खरीफ दोनों ही फसलों का उत्पादन करते हैं कभी एक जमाने में यूरिया और डीएपी खाद का उपयोग न के बराबर होता था। किसान पैदावार अच्छी हो फसलों की ग्रोथ बढें जिसके के लिए किसान यूरिया और डीएपी खाद का उपयोग कर रहा है।

---

बोनी का समय नजदीक है

## खाद के लिए टोकन वितरण में अव्यवस्था से फूटा गुस्सा




**अशोकनगर।** रबी सीजन की फसल बोनी का समय नजदीक है, ऐसे में किसानों को खाद की सख्त जरूरत है। लेकिन प्रशासनिक लापरवाही और अव्यवस्था के कारण किसानों को खाद के लिए टोकन नहीं मिलने से गुस्सा फूट पड़ा। दरअसल जिला प्रशासन द्वारा किसानों को पहले खाद के लिए टोकन दिये जा रहे हैं टोकन के आधार पर सोमवार से खाद वितरण किया जाना है, शनिवार को जिलेभर से आए बड़ी संख्या में किसान सुबह से ही खाद गोदाम के बाहर लाइन में लगे रहे। कड़ी धूप में महिलाएं और बुजुर्ग किसान तक घंटों इंतजार करते रहे, लेकिन जब खाद के लिए टोकन नहीं मिला तो उनका सब्र टूट गया। गुस्साए किसानों ने अधिराज होटल बायपास रोड पर पहुंचकर चक्का जाम कर दिया। सड़क पर किसानों ने नारेबाजी की और प्रशासन पर लापरवाही के आरोप लगाए। अचानक हुए इस विरोध से यातायात पूरी तरह ठप हो गया और वाहनों की कतारें लग गईं। सूचना मिलते ही नायाब तहसीलदार शभू सिंह मीणा और कोतवाली टीआई पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसानों को समझाइश देकर शांत कराया और खाद वितरण केंद्र की ओर रवाना किया। करीब 15 मिनट तक जाम की स्थिति बनी रही। बाद में प्रशासन ने पुलिस बल की मौजूदगी में खाद वितरण केंद्र पर मोर्चा संभालते हुए खाद के लिए टोकन वितरण प्रारंभ कराया। अधिकारियों ने किसानों को भरोसा दिलाया कि सोमवार को सभी को क्रमवार खाद दी जाएगी। मुख्य बातें रबी की फसल बोनी के लिए खाद की किल्लत से परेशान किसान। महिलाएं और पुरुष दोनों कड़ी धूप में घंटों लाइन में लगे रहे।टोकन न मिलने पर भड़के किसानों ने अधिराज होटल बायपास रोड पर किया चक्का जाम।नायाब तहसीलदार और कोतवाली टीआई ने मौके पर पहुंचकर कराया समाधान।

---

## कृषि उपज पुरानी गल्ला मंडी, सुलभ कॉम्प्लेक्स जर्जर, कुंए की सफाई नहीं

पूरे कुंए में जलकुंभी नजर आई





**अशोकनगर।** स्थानीय कृषि उपज पुरानी गल्ला मण्डी में आने वाले किसान और व्यापारियों के लिए जो सुलभ कॉम्प्लेक्स बना है वह जर्जर स्थिति में है। जगह जगह टूट फूट देखी जा सकती है। इसके अलावा यहां जो कुआ पहले से ही बना हुआ है उस कुए में वर्षा काल के दौरान जल कुंभी ऊपर तक नजर आ रही है।

शहर की पुरानी कृषि उपज गल्ला मण्डी आने वाले दिनों में फसल की भरमार से नजर आएगी। बड़ी संख्या में किसान मण्डी में अपना माल बेचने पहुंचेगें। लेकिन किसानों और व्यापारियों के लिए बनाया गया सुलभ कॉम्पलेक्स देख रेख के अभाव में जीर्ण क्षीण हो गया है। यहां जो मौलिक सुविधाओं की जरूरत है वह सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं है और हमेशा यह बंद रहता है जबकि सुलभ कॉम्पलेक्स को दुरूस्त किया जाकर नागरिकों की सुविधा हेतु बनाया जाना चाहिए। इसी प्रकार कृषि उपज गल्ला मण्डी जबसे बनी है तब से यहां कुआ भी संचालित होता आ रहा है इस कुए में पर्याप्त मात्रा में पानी आता है हालांकि इसे जाल से ढका गया है। इस कुए में जल कुंभी ने अपना स्थान इतना बना लिया है कि वह ऊपर तक आ गई है इसकी साफ सफाई होना चाहिए अगर पानी पीने योग्य है तो पानी की शुद्धिकरण का ध्यान रखा जाना चाहिए। जिला मुख्यालय पर कुछ ही तो कुए बचे हैं जो आज भी जिंदा हैं। ऐसे में इस कुए के पानी को भी बचाए जाने की जरूरत है तथा गंदगी को साफ किया जाना आवश्यक है।

---

पिपरई में तहसीलदार की बड़ी कार्रवाई, गोदाम से भारी मात्रा में चावल बरामद

## क्षेत्र में पीडीएस चावल का काला कारोबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली





क्षेत्र में लंबे समय से पीडीएस (सार्वजनिक वितरण प्रणाली) के चावल का काला कारोबार जोरों पर चल रहा है। शुक्रवार को इस गोरखधंधे का बड़ा खुलासा तब हुआ जब पिपरई तहसीलदार द्वारा पिपरई के पास स्थित पागलपुर में एक गोदाम पर छापामार कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई विश्वसनीय सूचना के आधार पर की गई थी।

जानकारी के अनुसार यह गोदाम पिंटू जैन नामक व्यक्ति का बताया जा रहा है जहां से तहसीलदार की टीम ने भारी मात्रा में पीडीएस का चावल बरामद किया है। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने तत्काल गोदाम को सील कर आगे की कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गोदाम मालिक द्वारा लंबे समय से चावल का कारोबार किया जा रहा था। बताया जाता है कि शुक्रवार को भी अवैध रूप से चावल की खेप भरकर परिवहन की तैयारी की जा रही थी लेकिन प्रशासन को भनक लगते ही यह पूरा नेटवर्क हिल गया। अधिकारियों के मौके पर पहुंचने से पहले ही जिस ट्रक से चावल परिवहन होना था उसे चालक वहाँ से लेकर फरार हो गया। कार्रवाई के दौरान गोदाम मालिक द्वारा कई चैंकाने वाले खुलासे किए हैं। उसने स्वयं स्वीकार किया है कि यह चावल का काला कारोबार सिर्फ उसके स्तर पर नहीं बल्कि क्षेत्र भर में संगठित रूप से चल रहा है। उसने इशारों-इशारों में यह भी कहा कि यह कारोबार कुछ प्रभावशाली लोगों की मिलीभगत से संचालित हो रहा है। अब बड़ा सवाल यह उठता है कि आखिर इतने लंबे समय से चल रहे इस अवैध कारोबार की प्रशासन या पुलिस को भनक क्यों नहीं लगी? क्या सूचना तंत्र इतना कमजोर है कि क्षेत्र में खुलेआम गरीबों का अनाज मुनाफाखोरों के गोदामों में जमा होता रहा और किसी को खबर तक नहीं हुई। पिंटू जैन के अनुसार इस तरह का कारोबार कई स्थानों पर जारी है जहाँ से प्रतिदिन ट्रकों से भरकर यह कारोबार चल रहा है गोदाम मालिक ने मुंगावली, अथाइखेड़ा सहित कई और स्थानों पर भी कारोबार की बात कही है। तहसीलदार ने बताया कि बरामद किए गए चावल की मात्रा का आंकलन किया जा रहा है और इस संबंध में संबंधित विभागों को सूचना भेज दी गई है। जल्द ही आपूर्ति विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम इस मामले में गहराई से जांच करेगी।

---

## समाज को अपनी संपत्ति दान करने वाली का त्रयोदशी कार्यक्रम किया

### सर्वब्राह्मण पंचायत ट्रस्ट ने अंत्येष्टि से लेकर त्रयोदशी तक कार्यक्रम आयोजित किया



**अशोकनगर।** सर्व ब्राह्मण महापंचायत ट्रस्ट द्वारा स्थानीय सर्व ब्राह्मण समाज धर्मशाला में शनिवार को त्रयोदशी का कार्यक्रम किया गया। इसके पूर्व स्वर्गीय गीता देवी के निवास पर पंडित देवकीनंदन शास्त्री द्वारा विधि विधान से पूजन किया गया। इसके बाद में गीता स्वाध्याय समिति द्वारा 15 वे अध्याय का पाठ किया गया। स्वर्गीय गीता भाई जिन्होंने अपनी सारी संपत्ति ब्राह्मण समाज को दान कर दी और अंत में स्वर्ग लोक सिधार गईं। ब्राह्मण समाज द्वारा उनकी अंत्येष्टि के साथ-साथ आज त्रयोदशी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें शहर के सभी गणमान्य लोग उपस्थित रहे। त्रयोदशी का कार्यक्रम बड़े विधि विधान से मंत्र उच्चारण के साथ किया गया। त्रयोदशी के कार्यक्रम में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें शहर के सभी मंदिरों के पुजारीयो को सम्मानित किया गया। साथ ही नगर के सभी गणमान्य जनों में पूर्व विधायक जजपाल सिंह,राजीव कुमार मिश्रा एसपी, अधिकारी वरिष्ठ नेता रमेश नायक, ट्रस्ट के अध्यक्ष ओमप्रकाश चैधरी, दीपक मिश्रा हरिओम नायक, हरिओम छैलाई, विश्व बंधु चतुर्वेदी, दीपक शर्मा, सुनील वोहरे, उपेंद्र पाराशर, विष्णु शमार्, हितेंद्र बुधोलिया, आशीष मालवीय, प्रमोद शर्मा, आनंद शर्मा, रामकुमार शर्मा, दुर्गेश भार्गव, त्रिवेंद्र लंबरदार, चिरोंजीलाल शर्मा, शिवराम शर्मा तूमैन सहित सभी वरिष्ठ लोग उपस्थित हुए। समस्त पुजारीयों का सम्मान किया गया।

---

## कृषकों को उर्वरक वितरण की व्यवस्था की


**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशानुसार रबी वर्ष 2025-26 हेतु जिले में एन.एफ. एल. रैक से प्राप्त 1754 मेट्रिक टन डी.ए.पी. का भण्डारण कराकर कृषकों को सतत वितरण किया जा रहा है। शनिवार को रैक से प्राप्त डीए.पी. अमरोद, ईसागढ़, महिदपुर, पिपरेसरा, कदवाया, बमनावर, पारसौल, अशोकनगर, कचनार, रातीखेड़ा, बामौरा, ऊमरी, खैजरा, पिपरई, सिंघाड़ा, भरियाखेडी, खोरीबरी, मूडरा बहादुरा, छैवलाई, तारई, हिरावल, रामनगर, प्राणपुर, सहराई, ढुंगासरा, महोली, डोंगर, संवसर जागीर, कालाबाग कुल 29 समितियों को 25-25 मेट्रिक टन कुल 725.00 मेट्रिक टन डी.ए.पी. कृषकों को वितरण हेतु प्रदाय किया जा रहा है। इसी प्रकार एम.पी. एग्रो अशोकनगर 80 मेट्रिक टन, अशोकनगर, मुंगावली, पिपरई डबललॉक केन्द्र पर क्रमशः 325, 200, 200 मे.टन डी.ए.पी. उपलब्ध कराया गया है। निजी विक्रेताओं में आनन्द खाद भण्डार 40 मेट्रिकटन ,अखलेश ट्रेक्टर 5 मेट्रिक टन, बालाजी एग्रो सेल्स 20 मेट्रिक टन, जैन स्टील 3 मेट्रिक टन, कृषक खाद विक्रय सेवा केन्द्र 10 मेट्रिक टन, महाकाल 5 मेट्रिक टन, रोशन ब्रदर्श 8 मेट्रिक टन, श्रीकृष्णा क्लीनिक 40, यादव एग्री इंटरप्राईजेज 5 मेट्रिक टन डी.ए.पी प्रदाय किया गया है। बांकेबिहारी कृषि सेवा केन्द्र बहादुरपुर को 25, गनेश कृषि सेवा केन्द्र को 20 मेट्रिक टन, जगन्नाथ रमेश चंद्र मुंगावली को 25 मेट्रिक टन, जगदीश कृषि सेवा केन्द्र को 3 मेट्रिक टन, मनीष एण्ड कंपनी मुंगावली को 5 मेट्रिक टन, मनोज कुमार देवेन्द्र बहादुर पुर को 5 मेट्रिक टन, संतोष कुमार मुकेश कुमार चन्देरी को 5 मेट्रिक टन कुल 224 मेट्रिक टन डी.ए. पी. प्रदाय किया गया। कृषक भाईयों से अपील की गई है कि फसलों में संतुलित उर्वरकों का ही प्रयोग करें। डी.ए.पी. के विकल्प के रूप में एनपी के. ग्रेड के उर्वरकों तथा टी एस.पी. का भी उपयोग करें। कृषक बुआई के समय जितने उर्वरक की आवश्यकता है उतने ही उर्वरक का उठाव करें। बुवाई के बाद गेहूं की सिंचाई के समय लगने वाला उर्वरक आपको समय पर प्रदाय करने की व्यवस्था की जायेगी।

---

स्नातक सम्मेलन के समापन पर विशाल शोभायात्रा निकाली

# काम तुम करोगे और मान भारत माता का बढ़ेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



दिगम्बर जैन दर्शन के आध्यात्मिक संत पुंगव मुनि सुधासागर महाराज ने स्नातक सम्मेलन में आए श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि मेरे अहो भाग्य है कि मुझे ऐसा राष्ट्र मिला, ऐसा कुल मिला, ऐसा गुरु मिला, ऐसे प्रभु मिल, ऐसी संस्कृती मिली, जब-जब तुमने सौभाग्य माना उसी समय तुम अपने राष्ट्र के ऋणि हो गये। इस सौभाग्य के उपकार को चुकाना होगा। उन्होंने कहा कि कर्म ने हमें भारत में जन्म दिया, हम इस भारत माता के ऋणि हो गये। यह ऋण एक पक्षिय है। दुनिया के ऋण लेकर मर गये तो कोई बात नहीं लेकिन यदि आप ने भारत माता का ऋण नहीं चुकाया तो फिर कभी आपको भारत भूमि और आर्य खण्ड में जन्म लेने का सौभाग्य नहीं मिलेगा।

### ये वह भूमि है जहां श्री राम, कृष्ण महावीर ने जन्म लिया

उन्होंने कहा कि यह वह भूमि है जहां राम, कृष्ण, महावीर तीर्थंकर प्रभु ने जन्म लिया। वह यहां खेले शिक्षा दीक्षा लेकर कर परम पावन पद को सुशोभित किया। हम उस भूमि पर पैदा हुए हैं बहुत बड़ा सौभाग्य मिला। आपको इस उपकार का ऋण नहीं चुकाया तो ये जन्म जन्मांतरो तक तुम्हारे लिए दरिद्र कर देगा और ऐसी भूमि पर जाकर पटक देगा जहां मलेक्ष ही जन्मते है। मनुष्य बन भी जाओगे तो मलेक्षु कहलाओगे। ऋण चुकाने के लिए एक काम ऐसा करना होगा कि काम तुम करोगे और मान भारत माता का बढ़ेगा। भारतीय भूमि गर्वित होगी। अपने को कुछ ऐसे करना है कि हमारी जाति, पूरी संस्कृति गौरवान्वित हो। आप होटल में गये और आप ने कहा कि हम ये नहीं खाते इतना कहते ही होटल वाले कहने लगे कि आप जैन हो, आप भारतीय हो, बस हो गया काम इतना ही सन्देश होता है।



### सभी स्नातको का सम्मान कर जैन समाज अभिभूत

इसके पहले जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि स्नातक सम्मेलन में आये सभी युवा मनिषीयो का जैन समाज हार्दिक स्वागत अभिनन्दन करती है। जैन समाज देशभर से आयें सभी मनिषीयो का सम्मान कर अभिभूत है। आप प्रकांड विद्वान श्रेष्ठ वक्ता होते हुए आप भारतीय संस्कृति और सभ्यता संस्कारो के उत्थान के लिए कार्य कर रहे है। इस भव्य समारोह के बाद एक शोभायात्रा के रूप में चल रहे हैं जिसमें जिन युवा विद्वानो को अलंकृत किया गया है उन सभी सातों मनिषीयो के परिवारजनों को बग्गियों में बैठाकर निकाला गया। और शोभा यात्रा में यह बग्गी शामिल हुई।



### निकाली गई शोभायात्रा

इसके बाद सुभाष गंज मैदान से शोभायात्रा प्रारंभ हो गई जिसमें आगे आगे डीजे पर भक्ति गीत चल रहे थे उनके पीछे युवाओ का समूह नाचते गाते चल रहा था। उसके बाद बग्घीयो इसके बाद ढोल बाजे इसके बाद युवाओं का समूह इसके बाद बैन्ड वाज़े के साथ सभी युवा मनिषी अपने हाथों में विश्व शांति के प्रतीक ध्वज लेकर चल रहे थे। यह शोभा यात्रा गांधी पार्क रेस्टहाउस गांधी पार्क पुराना वजार प्रोसेसन रोड़ सुराना पार्क इन्द्र पार्क होते हुए सुभाष गंज मैदान में सम्मान समारोह में बदल गई।

---

### भावातंर योजनांतर्गत सोयाबीन पंजीयन के जिले जिले में 29 केंद्र निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

भावातंर योजनांतर्गत कृषकों के सोयाबीन पंजीयन हेतु जिले में 29 पंजीयन केन्द्रों निर्धारित किये गए हैं। इन केन्द्रों पर किसान पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन केन्द्र सेवा सहकारी समिति मर्यादित रिजौदा ,सेवा सहकारी समिति मर्या० तूमेन,सेवा सहकारी समिति मर्या० नईसराय, सेवा सहकारी समिति मर्या० ढाकोनी,सेवा सहकारी समिति मर्या० कदवाया ,सेवा सहकारी समिति मर्या० अमरोद ,सेवा सहकारी समिति मर्या० कुकरेटा ,सेवा सहकारी समिति मर्या० महोली,सेवा सहकारी समिति मर्या० मुंगावली ,सेवा सहकारी समिति मर्या० ओडेर, सेवा सहकारी समिति मर्या० डुंगासरा, सेवा सहकारी समिति मर्या० खोरीबरी, ,सेवा सहकारी समिति मर्या० पिपरई ,सेवा सहकारी समिति मर्या० धुर्रा, ,सेवा सहकारी समिति मर्या० सारसखेडी,सेवा सहकारी समिति मर्या० रातीखेडा,सेवा सहकारी समिति मर्या० पिपरिया पाटखेडा,सेवा सहकारी समिति मर्या० हिनोतिया (झीला),सेवा सहकारी समिति मुडरा बहादरा,सेवा सहकारी समिति नादनखेडी,सेवा सहकारी संस्था बडखेडानई,प्राथमिक सेवा सहकारी समिति रावसर,प्राथमिक सेवा सहकारी समिति कचनार ,प्राथमिक सेवा सहकारी समिति करख्या,सेवा सहकारी समिति महूअन,सेवा सहकारी समिति माहिदपुर,प्राथमिक सेवा सहकारी समिति कुनदौरा,सेवा सहकारी समिति पिपरेसरा एवं सेवा सहकारी समिति अथाईखेड़ा पंजीयन केन्द्र बनाये गए है।